NEWS CLIPPING: 12.10.2017

HINDUSTAN

छात्रों को रोजगार सृजन के बारे में जानकारी दी

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

शिविर

- वाईएमसी में तीन दिवसीय जागरूकता शिविर का समापन

विश्वविद्यालय के करीब सौ से अधिक छात्रों ने लिया हिस्सा

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय उद्यमशीलता जागरूकता शिविर बुधवार को संपन्न हो गया। इसमें विश्वविद्यालय के करीब सौ से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया।

छात्रों को स्वयं का लघु और मझोले उद्यम लगाने के विषय जागरूक किया। इस मौके पर संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में निदेशक अनिल कुमार भारद्वाज मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद थे। इसकी अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की।

भारद्वाज ने कहा कि व्यवसाय समाज को लाभान्वित करने के लिए होना चाहिए। युवाओं को रोजगार तलाशने की बजाये रोजगार पैदा करने की सोच के लिए प्रेरित करने की जरूरत है। विद्यार्थियों ने रबर पार्ट्स बनाने वाली कंपनी बोनी पॉलिमर प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण किया। कंपनी में बनाए जाने वाले ऑटो पार्ट्स से संबंध में जानकारी ली। वाईएमसीए के पूर्व छात्र रहे कंपनी के प्रबंध निदेशक राज भाटिया ने विद्यार्थियों को कंपनी की कार्य प्रणाली तथा उत्पादों की जानकारी दी।

NEWS CLIPPING: 12.10.2017

DAINIK BHASKAR

व्यवसाय समाज को लाभान्वित करने के लिए होना चाहिए : भारद्वाज

फरीदाबाद. रबड़ ऑटो पार्ट्स बनाने वाली कंपनी बोनी पॉलिमर में जानकारी हासिल करते हुए वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के स्टूडेंट।

भास्कर न्यूज|फरीदाबाद

वाईएमसीए विश्वविद्यालय में चल रहा तीन दिवसीय उद्यमशीलता जागरूकता शिविर बुधवार को संपन्न हो गया। समापन समारोह में संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में निदेशक अनिल कुमार भारद्वाज मुख्य अतिथि थे। समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनिल भारद्वाज ने कहा कि व्यवसाय समाज को लाभान्वित करने के लिए होना चाहिए। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को रोजगार तलाशने के बजाए रोजगार पैदा करने की सोच के लिए प्रेरित करते हैं। इससे पूर्व शिविर के अंतिम दिन विद्यार्थियों ने रबड़ पार्ट्स बनाने वाली कंपनी बोनी पॉलिमर प्राइवेट लिमिटेड की इकाई का भ्रमण किया और कंपनी में बनाए जाने वाले ऑटो पार्ट्स से संबंधित जानकारी ली। कंपनी के प्रबंध निदेशक राज भाटिया ने विद्यार्थियों को कंपनी की कार्य प्रणाली तथा उत्पादों की जानकारी दी। इस मौके पर कुलसचिव डॉ. एसके शर्मा, प्रो. संदीप ग्रोवर, डॉ. वासुदेव मल्होत्रा व प्रो. तिलक राज भी मौजूद थे।

NEWS CLIPPING: 12.10.2017

AMAR UJALA

विद्यार्थियों ने औद्योगिक इकाई की कार्यप्रणाली को जाना

फरीदाबाद। व्यवसाय समाज को लाभान्वित करने वाला होना चाहिए। युवा वर्ग अपनी सोच के जरिये जरूरतमंद को रोजगार से जोड़ सकते हैं। बुधवार को संचार एवं सूचना प्रौद्योगिक मंत्रालय में निदेशक अनिल कुमार भारद्वाज वाईएमसीए विश्वविद्यालय में उद्यमशीलता जागरूकता शिविर के समापन के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कह रहे थे। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्यमशीलता के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कुलपति ने मुख्य अतिथि को पौधा भेंट किया। अध्यक्षता करते हुए कुलपति दिनेश कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को रोजगार तलाशने की बजाय रोजगार पैदा करने की सोच के लिए प्रेरित करते हैं। इस दौरान कुलसचिव डॉ. एसके शर्मा, प्रोफेसर संदीप ग्रोवर, प्रोफेसर तिलक राज मौजूद रहे। इससे पूर्व, 138 विद्यार्थियों ने रबड़ पाट्‌र्स बनाने वाली कंपनी का दौरा किया। वहां पर बनाए जाने वाले ऑटो पाटर्स के बारे में जानकारी ली। विद्यार्थियों का दल सह-प्राध्यापक डॉ. वासुदेव मल्होत्रा की देखरेख में पहुंचा। कंपनी के प्रबंध-1 निदेशक राज भाटिया ने छात्रों को कंपनी की कार्य प्रणाली, उत्पादों की जानकारी से अवगत कराया। ब्यूरो

NEWS CLIPPING: 12.10.2017

PUNJAB KESARI

तीन दिवसीय उद्यमशीलता शिविर का समापन

फरीदाबाद, (ब्यूरो): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद द्वारा आयोजित तीन दिवसीय उद्यमशीलता जागरूकता शिविर

आज बुधवार को संपन्न हो गया। समापन समारोह में संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में निदेशक अनिल कुमार भारद्वाज मुख्य अतिथि रहे तथा विद्यार्थियों को उद्यमशीलता के लिए प्रेरित किया। समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो॰ दिनेश कुमार ने की। समारोह को संबोधित करते हुए अनिल भारद्वाज ने सामाजिक उद्यमिता पर अपने विचार रखे। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि व्यवसाय समाज को लाभान्वित करने के लिए होना चाहिए। कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को रोजगार तलाशने की बजाये रोजगार पैदा करने की सोच के लिए प्रेरित करते है। उन्होंने शिविर की सफलता पर आयोजकों को शुभकामनायें दी। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ एस के शर्मा, प्रो संदीप ग्रोवर व प्रो तिलक राज भी उपस्थित थे।

NEWS CLIPPING: 12.10.2017

NAVBHARAT TIMES

भ्रमण किया

■ **स, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के तीन दिवसीय उद्यमशीलता जागरूकता शिविर का बुधवार को समापन हुआ। समापन समारोह में संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के निदेशक अनिल कुमार भारद्वाज मुख्य अतिथि रहे। समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की।